दिनांकः 07.09.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगातार बरसात से जनजीवन प्रभावित–चार जिलों में बारिश का रेड अलर्ट
- अतिवृष्टि प्रभावित जिलों में प्रभारी मंत्री और सचिवों का दौरा–उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने कहा– सरकार अतिवृष्टि से हुए नुकसान का आकलन कर जल्द राहत देगीं
- केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा–साइकिल पर जीएसटी 18 प्रतिशत से 5 प्रतिशत करने के फैसले से फिट इण्डिया अभियान को गति मिलेगीं
- आज रात पूर्ण चंद्रग्रहण–दोपहर में सूतक लगने के साथ ही प्रदेश के प्रमुख मन्दिरों के पट बंद–सुबह मंगला आरती के साथ दर्शन होगें

प्रदेश के विभिन्न जिलों में पिछले 2–3 दिन से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ हैं राज्य के जल स्त्रोत लबालब हो गये हैं, वही कई में पानी की आवक लगातार जारी हैं जयपुर सहित कई जिलों के पेयजल वितरण के प्रमुख स्त्रोत बीसलपुर बांध में पानी की आवक लगातार बढ़ रही हैं आज सुबह बीसलपुर बांध के आठ गेटों से पानी की निकासी शुरू की गई राजधानी जयपुर में आज दोपहर बाद रूक रूक कर बारिश हुई सवाईमाधोपुर में आज दोपहर बाद तेज़ बरसात का दौर शुरू हुआं श्रीगंगानगर में घग्घर नदी के बांध में कटाव होने से कई खेतों में पानी भर गया हैं उधर डूंगरपुर में खडगदा गांव में मोरेन नदी की रपट पर पानी का बहाव काफी तेज हो गया हैं सलूम्बर के डाया बांध में चादर चल रही हैं सिरोही जिले में आज सुबह से रूक–रूक कर बारिश का दौर जारी हैं

.......................

मौसम विभाग ने आज जालौर, सिरोही, बाडमेर, बालोतरा उदयपुर और आस–पास के स्थानों में तेज हवाओं के साथ कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी और एक दो जगह अत्यंत भारी बरसात

के आसार जताये हैं इन जिलों में भारी बारिश की गतिविधियां कहीं–कहीं कल भी जारी रह सकती हैं वहीं सवाईमाधोपुर में अतिवृष्टि से प्रभावित गांवों में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जल भराव वाले स्थानों पर एन्टीलार्वा गतिविधियां और फोगिंग करवाई जा रही हैं

......................

राज्य में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रभारी मंत्रियों और प्रभारी सचिवों के दौरे लगातार जारी हैं वे संबंधित अधिकारियों के साथ बारिश से उत्पन्न हालात और फसल खराबे को लेकर समीक्षा कर रहे हैं उप मुख्यमंत्री और राजसमंद जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने आज जिला कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक कीं उन्होंने अधिकारियों को अधिक बरसात के बीच किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिएं श्री बैरवा ने किसी भी समय अनहोनी, जलभराव की सूचना मिलने पर तुरंत राहत और बचाव की कार्रवाई शुरू करने को कहां बाद में उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा भीलवाड़ा पहुंचें वहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार अतिवृष्टि से हुए नुकसान का आकलन कर जल्द ही राहत देने का काम करेगीं

.........................

वहीं बारां जिले के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने भी जिला मुख्यालय पर अधिकारियों की बैठक लेकर अतिवृष्टि के हालात की समीक्षा कीं उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को आपदा प्रभावितों तक तुरंत सहायता पहुंचाने के निर्देश दिएं श्री देवासी ने अब तक हुई मानसूनी बरसात के आंकड़ों और अतिवृष्टि के कारण हुए नुकसान तथा आपदा में जान गंवाने वालों के आश्रितों को दी जाने वाली सहायता की भी विस्तार से समीक्षा कीं कोटपूतली–बहरोड़ ज़िले के दौरे पर आए प्रभारी मंत्री विजय सिंह ने अधिकारियों के साथ अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लियां
इस बीच आपदा प्रबंधन मंत्री किरोडी लाल मीणा ने कहा है कि फसल खराबे का सर्वे जल्द पूरा कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जायेगां

.........................

उत्तराखण्ड में भीषण बाढ़ के हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 5 करोड़ रुपये की सहायता राशि उत्तराखण्ड सरकार को भेजी हैं श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बातचीत में कहा कि राजस्थान संकट की इस घड़ी में उत्तराखण्ड के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हैं उन्होंने कहा कि राज्य में हाल ही में आई भीषण बाढ़ से उत्पन्न स्थिति और उससे हुई जनहानि के समाचार अत्यंत दुखद तथा व्यथित करने वाले हैं उन्होंने बाढ़ प्रभावित

क्षेत्रों में जनजीवन सामान्य होने तथा पीड़ित परिवारों को संबल और धैर्य प्राप्त होने की भी प्रार्थना कीं

……………………

राज्य सरकार युवाओं को स्वावलंबी बनाने और उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं इसके लिए विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई हैं

……………………

वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी की दरों में हाल ही में किए गए सुधार इस महीने की बाईस तारीख़ से लागू होगें नई जीएसटी दरों का चिकित्सा क्षेत्र पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हैं शल्य चिकित्सा, दंत चिकित्सा और पशु चिकित्सा सहित सभी चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी की दरें घटाकर पांच प्रतिशत कर दी गई हैं पट्टियों, डायग्नॉस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और अन्य आवश्यक चिकित्सा उपकरणों पर भी जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं इसके अलावा, 33 जीवन रक्षक दवाओं पर कोई जीएसटी लागू नहीं होगां कैंसर और गंभीर बीमारियों से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण दवाओं को भी जीएसटी से मुक्त रखा गया हैं एम्बुलेंस और एम्बुलेंस की फिटिंग, फर्नीचर और चिकित्सा सहायक उपकरणों वाले मोटर वाहनों पर अब 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगां

……………………

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि **संडे ऑन साईकिल** अब एक आन्दोलन बन चुका हैं उन्होंने कहा कि फिट रहने और स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए 50 से अधिक सांसदों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लियां श्री मांडविया आज नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थें उन्होंने बताया कि साइकिल पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं

……………………

इधर सवाईमाधोपुर में भी फिट इंडिया अभियान के तहत संडे ऑन साईकिल रैली आयोजित की गईं जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से आयोजित इस रैली के माध्यम से लोगों को स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया गयां

.........................

आज पूर्ण चंद्र ग्रहण हैं यह ग्रहण पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगां चंद्रग्रहण रात आठ बजकर 58 मिनट से शुरू होकर दो बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगां ये दुर्लभ खगोलीय घटना एक दशक में सबसे लंबे ग्रहणों में से एक होगीं भारतीय पंचांग के अनुसार आज भाद्रपद पूर्णिमा से श्राद्ध पक्ष की शुरूआत हो रही हैं इसकी अवधि 15 दिन रहेगीं श्राद्ध यानी पितृ पक्ष में तर्पण किये जाते हैं इसकी समाप्ति के बाद 22 सितम्बर से नवरात्र शुरू हो जायेंगें चन्द्र ग्रहण और सूतक लगने से राज्य के प्रमुख मन्दिरों के पट दोपहर 12 बजे बाद कल सुबह तक के लिए बंद कर दिये गये हैं सुबह मंगला आरती के साथ ही दर्शनार्थियों के लिए कपाट खोले जायेंगें

.........................

पुरुष एशिया कप हॉकी चैम्पियनशिप का फाइनल आज शाम भारत और कोरिया के बीच खेला जाएगां यह मैच बिहार के राजगीर में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगां भारतीय टीम एशिया कप तीन बार जीत चुकी हैं कोरिया ने पिछली बार यह खिताब जीता थां मौजूदा चैम्पियनशिप में भारतीय टीम अब तक अजेय रही हैं भारतीय टीम मलेशिया और चीन जैसी मजबूत टीमों को हराकर फाइनल में पहुंची हैं

.........................